दिनांकः 24.06.2026
समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में अधिकारियों के साथ पचपदरा रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में अधिकारियों ने रिफाइनरी से उत्पादित विभिन्न पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के नमूने प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करती यह महत्वाकांक्षी परियोजना राजस्थान के औद्योगिक विकास में एक नया अध्याय लिखेगी। साथ ही, पेट्रोकेमिकल, प्लास्टिक, टेक्सटाइल, केमिकल और अन्य डाउनस्ट्रीम उद्योगों के विकास को प्रोत्साहन देकर राजस्थान को विनिर्माण तथा औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र बनाएगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सांगानेर के त्रिपोलिया हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस मौके पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री आज सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 631 करोड़ रुपये से अधिक लागत के डेढ़ हजार से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करने का कार्यक्रम है। इनमें जयपुर–भीलवाड़ा मार्ग के मुहाना मोड़ जंक्शन पर 124 करोड़ रुपये का फ्लाई–ओवर और बंबाला क्षेत्र में 88 करोड़ रुपये के सीवरेज और एसटीपी कार्यों का शिलान्यास शामिल हैं। इसके अलावा, भांकरोटा में नए ट्रोमा सेंटर और पृथ्वीराज नगर में सेटेलाइट अस्पताल का भी शिलान्यास किया जाएगा। वहीं जेडीए, नगर निगम, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और शिक्षा से जुड़े 208 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया जाएगा।

प्रदेश में गोवंश को लम्पी रोग से बचाने के लिए निःशुल्क टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ब्यावर की एक गौशाला से करेंगे। पशुपालन विभाग ने सभी पशुपालकों से गोवंश का समय पर टीकाकरण कराने और बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय से सम्पर्क करने की सलाह दी है।

आज पासपोर्ट सेवा दिवस है। यह दिन 24 जून, 1967 को पासपोर्ट अधिनियम के लागू होने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम के दूसरे चरण का क्रियान्वयन, चिप–आधारित ई–पासपोर्ट की शुरुआत, नए पासपोर्ट सुरक्षा केंद्रों और पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र की स्थापना तथा रिकॉर्ड स्तर पर पासपोर्ट जारी करने से लोगों की यात्रा आसान हो रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री जयशंकर ने 14वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेश में सभी पासपोर्ट प्राधिकरणों को शुभकामनाएं दीं।

बूंदी शहर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। स्थापना दिवस कार्यक्रमों की शुरूआत गढ़ पैलेस में शहनाई वादन से हुई। इसके बाद गढ़ गणेश मंदिर में पूजा–अर्चना और आरती की गई। इस अवसर पर पर्यटन सूचना केंद्र में फोटो–चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें ऐतिहासिक तस्वीरों के साथ राष्ट्रीय स्तर के चित्रकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। संग्रहालय सहायक जगदीश वर्मा ने बताया कि बूंदी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रानीजी की बावड़ी, सुखमहल और 84 खंभों की छतरी पर पर्यटकों और आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बूंदीवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री ने बूंदी को राजस्थान की अतुल्य सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक गौरव का अनूठा प्रतीक बताया।

केंद्रीय विद्यालयों के लिए 36वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025–26 का पुरस्कार वितरण समारोह कल नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। श्री मेघवाल विजेता विद्यार्थियों और विद्यालयों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय पिछले 38 वर्षों से केंद्रीय विद्यालयों में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता देशभर के 200 केन्द्रीय विद्यालयों के बीच आयोजित की गई थी। युवा संसद का उद्देश्य युवा पीढ़ी में आत्म–अनुशासन, विभिन्न विचारों के प्रति सहिष्णुता, विचारों की सही अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक जीवन शैली के अन्य गुणों को विकसित करना है।

प्रदेश के विभिन्न इलाकों में प्री–मॉनसून गतिविधियों के कारण बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर बारिश हुई है। वहीं पश्चिमी क्षेत्रों में तेज गर्मी और उमस बरकरार है। राजधानी जयपुर में आज सुबह कई जगह हल्की बरसात दर्ज की गई। भरतपुर में भी सुबह से मौसम सुहावना बना हुआ है।